वारदात आगजनी की खबर महिला के बेटे संतोष ने ही लोगों को दी, बेटे को हिरासत में लेकर पुलिस की पूछताछ जारी

क्लच वायर से हाथ-मुंह बांधकर महिला को जिंदा जलाया

दमोह नवभारत 5 अप्रैल। समीपस्थ ग्राम सहरी तेंदूखेड़ा में सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है. यहां पर महिला हल्लीबाई को क्लच वायर से हाथ व मुंह बांधकर जिंदा जला दिया गया. महिला के शरीर पर लगी आग से पूरा घर भी चपेट में आकर खाक हो गया.

आगजनी की खबर किसी और ने नहीं बल्कि बेटे संतोष ने ही लोगों को दी, ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, इसके बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया. इस घटनाक्रम में पुलिस को बेटे संतोष पर ही संदेह है, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

बीती रात लगभग 12 बजे घर में अचानक लगी आग

पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सहरी तेंदूखेड़ा में हल्लीबाई उम्र 60 वर्ष अपने बेटे संतोष के साथ घर में अकेले रहती है. बीती रात 12 बजे के लगभग घर में अचानक आग लग गई, जिसकी लपटें देख आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए, जिन्हें बेटे संतोष ने बताया कि घर में अचानक आग लग गई है, मां अंदर ही है.

फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

गांव के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कच्चे मकान में लगी आग विकराल रुप धारण कर चुकी थी. आग की खबर मिलते फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया.

मलबे में मृत मिली महिला

रविवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों मदद से मलबा हटवाया तो महिला जली हुई मृत हालत में मिली, जिनका मुंह व हाथ क्लच वायर से बंधे थे. पुलिस का कहना है कि महिला को बांधकर जिंदा आग के हवाले किया गया है. घटना के वक्त उनका बेटा संतोष भी घर में था जो सकुशल बाहर आ गया.

पुलिस को बेटे पर संदेह

पुलिस को घटनाक्रम में बेटे पर ही संदेह है, जिसे हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरु कर दी है. वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचा दिया गया है. पुलिस को पूछताछ में यह भी पता चला है कि हल्लीबाई की गांव में खेती है, जिससे परिवार का भरण पोषण होता रहा.

25 लाख शिक्षकों के भविष्य पर संकट

▶ मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने सांसद राहुल सिंह को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,दमोह 5 अप्रैल। मप्र शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान के समर्थन में जिला कार्यकारिणी द्वारा सांसद राहुल सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया. यह ज्ञापन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के संबंध में दिए गए हालिया निर्णय के बाद उत्पन्न हुई विसंगतियों को लेकर दिया गया.

25 लाख शिक्षकों की आजीविका का प्रश्न शिक्षक संघ ने सांसद को अवगत कराया कि 1सितंबर, 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/2025' में दिए गए फैसले से शिक्षा जगत में गंभीर स्थिति पैदा हो गई है.सांसद राहुल सिंह ने ज्ञापन प्राप्त कर शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वे इस संवेदनशील विषय पर उचित वैधानिक हस्तक्षेप के लिए वरिष्ठ स्तर पर चर्चा करेंगे.

इनकी रही उपस्थिति-इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन, प्रांत सहसंयोजक संजय पाठक, जिला अध्यक्ष कमलेश सेन, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भागचंद जैन, जिला संयोजक नितिन श्रीवास्तव, महेश गुप्ता, मनीष भारद्वाज, मुकेश विश्वकर्मा, संजय दुबे, निलेश जैन, नगर अध्यक्ष आरबी सिंह, अनुज रतले, आदित्य चौरसिया, संतोष रजक, विजय दुबे, सुरेश वैघ, अमित पांडे, अरविंद गर्ग, रूपचंद पटेल, अमित आठ्या आदि उपस्थित रहे.

एक नजर में



डॉ. दीक्षा को मिला चिकित्सा क्षेत्र में गोल्ड मेडल

नवभारत, दमोह। कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड हॉस्पिटल राउ इंदौर में हुए दीक्षांत समारोह में 2020 बेच के 54 मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल और डिग्री प्रदान की गई. इसमें दमोह जिले के ग्रामीण क्षेत्र हिनौता बांसा तारखेड़ा से ऋषिराज सिंह परिहार की बेटी डॉ. दीक्षा परिहार ने भी चिकित्सा के क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल कर गौरवान्वित किया.

घायल हिरन के बच्चे का इलाज कराकर सौंपा

नवभारत, दमोह। एक घायल हिरन का बच्चा का इलाज करा कर फ रिस्ट विभाग के डिप्टी डेंजर महफूज खान पथरिया को सकुशल चौकी प्रभारी गोपाल सिंह ने सुपुर्द किया।

पटेरा में सद्भावना बैठक आयोजित

कुम्हारी नवभारत 5 अप्रैल। पटेरा में सद्भावना बैठक का आयोजन हुआ। संघ के विस्तारक कमलेश पटेल द्वारा बैठक में समाज में होने वाले सामाजिक परिवर्तन साथ ही संस्कार, संस्कृति, सभ्यता, पर्यावरण संरक्षण, आध्यात्मिक, सामाजिक मेल मिलाप, धार्मिक ग्रंथों के बारे में युवाओं को जानकारी दी। हसके बाद उपस्थितों ने विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव रखें।

रामलला प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई

नवभारत, दमोह। श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर परिसर में अयोध्या जी की तर्ज पर रामलला सरकार की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा मंत्र उच्चारण के साथ की गई इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉक्टर केदार नाथ शर्मा परिवार मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भगवती श्रीवास्तव, एड. पं. विनोद चौबे, बृजमोहन दीक्षित, चेनपुरिया भागीरथ शास्त्री, पं. अरुण दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

कलेही माता मंदिर के जवारों का हुआ विसर्जन

नवभारत, दमोह। जिले के मगरोन की प्रसिद्ध कलेही माता मंदिर में जवारे लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी. थाना प्रभारी बीएल पटेल के साथ पुलिस बल तैनात।

पुलिस ने चार जुआरियों को दबोचा

दमोह 5 अप्रैल। थाना पटेरा में 4 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर थाना पटेरा पुलिस द्वारा ग्राम नागमणि तिघरा नाला के किनारे गजराज सिंह के खेत के पास में छापामार कार्यवाही की गई, जिसमें चार आरोपियों लोटन सिंह लोधी, विशाल सिंह राजपूत, गब्बर सिंह लोधी और केशव पटैल को मौके से पकड़ा गया व अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। पकडे गए आरोपियो से व फड़ से कुल 25700 रूपये व तास की गड्डी जब्त की गई. रेड कार्यवाही पर थाना पटेरा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

ग्राम पंचायत रनेह को वृंदावन गांव घोषित किया गया

हटा। ग्राम पंचायत रनेह को वृंदावन गांव घोषित किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है. यह निर्णय ग्रामीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इस अवसर पर ग्राम का निरीक्षण किया गया तथा विकास कार्यों और ग्राम की वर्तमान स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया.निरीक्षण के दौरान हटा एसडीएम, हटा जनपद सीईओ,तहसीलदार सोनी, पटवारी, ग्राम सरपंच व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे. ग्राम के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार व ग्रामीण जीवन स्तर को सशक्त बनाने की दिशा में आगे की रूपरेखा पर चर्चा की गई.

24 घंटे के भीतर पुलिस ने चोरी का किया पर्दाफाश

▶ चोरी गए गहने और मोबाइल किया बरामद

दमोह। सिटी कोतवाली क्षेत्र में विगत दिनों हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

सीएसपी एचआर पांडे और टीआई कोतवाली मनीष कुमार ने रविवार शाम बताया कि पुलिस सहायता केन्द्र बजरिया पर प्रार्थी नईम कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी 1 अप्रैल को रात करीब 11 बजे अपने परिवार के सभी सदस्यों कि साथ लगुन के कार्यक्रम में शामिल होने घाटमपुर गए थे. घाटमपुर से 3 अप्रैल को जब लौटे तो देखा कि घर के अंदर जाने वाले कमरे के दरवाजे पर लगा हुआ ताला टूटा हुआ है.

जब यह अपने घर के अंदर गया तो देखा कि कमरे के अंदर रखी लकड़ी की आलमारी का ताला टूटा हुआ था और आलमारी के नीचे एक पेंचकस डला हुआ था. अलमारी में रखा सामान चेक किया तो, अलमारी में रखे करीब 857 ग्राम चांदी के जेवरात और 4 ग्राम सोने के जेवरात, एक मोबाइल कीमती करीब तीन लाख सोलह हजार रुपये का कोई अज्ञात चोर चुरा कर ले गया है.

पुलिस ने की त्वरित कार्यवाही-प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया, नगर पुलिस अधीक्षक एचआर पांडेय के मार्गदर्शन और निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी सउनि राकेश पाठक द्वारा उक्त प्रकरण की शीघ्र विवेचना कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश करने हेतु निर्देशित किया गया. उक्त प्रकरण की तत्काल सूक्ष्म विवेचना करते हुये अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी परवेज कुरैशी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में परवेज ने चोरी करना स्वीकार किया। उससे चोरी का माल भी बरामद किया गया. आरोपी को न्यायालय में ज्यूडिशियल रिमांडर पर पेश किया गया.

128 अर्घ्य चढ़ाए गए, श्रद्धालु ने किया अभिषेक, कुण्डलपुर में हुई सिद्धों की आराधना

नवभारत, हटा 5 अप्रैल। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में विश्ववंदनीय संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज व विद्या शिरोमणि आचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से बड़े बाबा के आंगन में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है.

विधानाचार्य संजय मुरैना, अरुण कटंगी के निर्देशन में ब्र. सचिन, ब्र. सौरभ जबलपुर के सानिध्य में संगीतकार सुनील जैन कोटा के संगीत की मधुर स्वर लहरियों के बीच विधान के चौथे दिन 128 अर्घ्य समर्पित किए गए. विधान पुन्यार्जक परिवार श्रेष्ठी चंद्रकुमार विजयकुमार संचित जैन मुक्ता ड्रेसेस परिवार चिरमिरी छत्तीसगढ़, सौधर्मेंद्र चंद्रकुमार सविता जैन, ध्वजारोहण कर्ता विजय जैन तिथि वेदिका सहित विधान में सम्मिलित सभी श्रद्धालु भक्त अत्यंत भक्ति पूर्वक नृत्य करते हुए प्रत्येक अर्घ समर्पित कर रहे हैं.

प्रचार मंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि इस अवसर पर बड़े बाबा का प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धिकलश, आदि करने का सौभाग्य मेवा देवी चंद्रप्रकाश महेंद्र जयकुमार जैन परिवार कोटा, सम्यक जैन कोमलचंद संदीप जैन सागर, कमलेश राहुल रश्मि चौधरी मेडिकल परिवार ललितपुर, संजय अक्षय मानिक जैन शाहदरा दिल्ली, आशीष सौरभ संजय जैन एटा, अमित मनुज श्रीपाल जैन गन्नौर गुप्तिधाम,ऋषभ नाथूलाल जैन जबलपुर आदि को मिला।

शहर से लेकर गांवों तक चलाया जाएगा संपर्क अभियान

▶ परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

दमोह 5 अप्रैल। शहर स्थित सिविल वार्ड क्रमांक-4स्थित श्री शिव पार्वती मंदिर प्रांगण में सर्व ब्राह्मण समाज की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगामी 20 अप्रैल को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव को भक्ति, आस्था और भव्यता के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.

कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में विस्तृत रणनीति तैयार की गई और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया. बैठक में उपस्थित विप्रजनों ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे तथा सहयोग राशि भी प्रदान की.

सामाजिक एकता को सशक्त करने का अवसर-वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम प्रकटोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और परंपरा को सशक्त करने का अवसर है. इसलिए आयोजन को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के लिए शहर से लेकर गांव तक संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया.

बैठक में मणि शर्मा, विद्यासागर पांडे, पं. अशोक तिवारी, पं. गोपाल बैरागी, पं. अनिल वैरागी सहित समाज के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति रही. सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया. बैठक में अधिवक्ता, पत्रकार, कर्मकांडी ब्राह्मण, अधिकारी, कर्मचारी तथा समाज के युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही.

गांजा तस्कर को 3 वर्ष की सजा व 10 हजार का अर्थदण्ड

▶ अलग-अलग बैगों में उड़ीसा के किसी स्थान से गांजा खरीदकर लाया गया था

दमोह 5 अप्रैल। न्यायालय अमर गोयल, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने आरोपी प्रहलाद पटेल ग्राम भियाना निवासी को एनडीपीएस एक्ट में 3 वर्ष की अवधि का कठोर कारावास एवं 10000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया.

अभियोजन की ओर से पैरवी धर्मेन्द्र सिंह तारन सहायक निदेशक अभियोजन के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक सविता बजाज द्वारा की गई. घटना के बारे बताया गया कि पुलिस थाना नोहटा, जिला दमोह में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एसएस दुबे को 14 नवम्बर 2021 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम मियाना का प्रहलाद पटैल अपने गांव के साथी नीलेश साहू व भगवत आदिवासी के साथ अलग-अलग बैगों में उड़ीसा के किसी स्थान से गांजा खरीदकर सारनाथ ट्रेन में बैठकर कटनी आकर कटनी से किसी वाहन से दमोह तक साथ आया है और दमोह से तीनों अलग-अलग जगह गांजा बेचने निकले है.

मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा-प्रहलाद पटैल दमोह से एक ट्राली बैग में गांजा लिये नोहटा तरफ आकर नोहटा पुल पर किसी व्यक्ति को गांजा विक्रय करने की फ्राक में खड़ा है. मुखबिर सूचना पर बताये स्थान व्यारमा नदी पुल नोहटा पहुंचकर तस्दीक की तो उक्त हुलिये का एक व्यक्ति ट्राली बैग लिये संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया, जिसे स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम प्रहलाद पटैल बताया। अभियुक्त की तलाशी लिये जाने पर एक ट्राली बैग में खाकी रंग के कागज के पैकेटों में करीब एक किलो के पांच पैकेट मिले, जिनमें गांजा रखा हुआ था।

4 किलो 900 ग्राम गांजा किया था बरामद-जब्त मादक पदार्थ की तौल करने पर उक्त पैकेटों में नमीयुक्त कुल 4 किलो 900 ग्राम गाजा जैसा मादक पदार्थ रखा होना पाया गया. जिसका तौल पंचनामा तैयार किया गया.उसके पश्चात जब्तशुदा मादक पदार्थ गाजे में से 50-50 ग्राम के दो सैम्पल निकाले जाकर सफेद कपड़े में पैक कर शेष बचे 4 किलो 800 ग्राम गांजे जैसे पदार्थ को सफेद कपड़े में पैक कर मौके पर सीलबद किया गया.

हिण्डोरिया में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हिण्डोरिया,दमोह। हिण्डोरिया में गुरूवार को समीपस्थ शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया कला में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.इस मौके पर होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत उपस्थित बच्चों के लिए नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया. स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शाला में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत सत्कार भी किया जा रहा है. स्कूल के शिक्षकों द्वारा बच्चों की शाला में दर्ज संख्या बढ़ाने घर-घर जाकर सतत संपर्क का काम भी किया जा रहा है. इस अवसर पर शाला प्रधान पाठक शफीक खान सहित समस्त शिक्षकीय स्टाफ व छात्रों की उपस्थिति रही.

भागवत कथा श्रीमद् भागवत मूल पाठ के दौरान श्रोताओं को सुनाया दोनों का विशेष संवाद

राजा रहूगण को आत्मज्ञान की शिक्षा देते हैं राजर्षि भरत : शास्त्री

नवभारत, दमोह 5 अप्रैल। स्थानीय जबलपुर नाका स्थित पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के निवास पर कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने श्रीमद् भागवत मूल पाठ के दौरान श्रोताओं से प्रसंगवश बताया कि श्रीमद् भागवत में राजर्षि भरत की कथा आती है, जिसमें उनका राजा रहूगण से विशेष संवाद हुआ है.

इसमें राजर्षि भरत राजा रहूगण को आत्मज्ञान की शिक्षा देते हैं. एक बार राजा रहूगण सत्संग करने के लिए भगवान कपिल मुनि के आश्रम पालकी पर बैठकर के जा रहे थे तब उन्होंने कहारों को कहा कि पालकी संभलकर सावधानी के साथ क्यों नहीं चलाते. कहारों ने उत्तर दिया महाराज हम तो सावधानी के साथ चल रहे हैं किंतु यह नया कहार हमारे चलने में विघ्न पैदा करता है. इसके पैर रह-रह कर डगमगा उठते हैं.

मैं शरीर नहीं आत्मा हूं, मैं दंड और पुरस्कार दोनों से परे हूं-राजा रहूगण ने जड़भरत को सावधान करते हुए कहा कि तुम ठीक से क्यों नहीं चलते देखने में तो हट्टे-कट्टे मालूम होते हो, क्या पालकी लेकर ठीक से चला नहीं जाता? सावधानी से मेरी आज्ञा का पालन करो नहीं तो दंड दूंगा. रहूगण का कथन सुनकर जड़भरत मुस्करा उठे. उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि आप शरीर को दंड दे सकते हैं पर मुझे नहीं दे सकते. मैं शरीर नहीं आत्मा हूं, मैं दंड और पुरस्कार दोनों से परे हूं.

प्रेम लक्षणा भक्ति से ही भगवान प्राप्त होते हैं-स्थानीय ग्राम आमचोपरा में आज से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा के पूर्व भागवत जी की कलश शोभा यात्रा निकाली गई. कथा के मुख्य श्रोता यजमान उत्तम यादव के द्वारा श्रीमद् भागवत पूजन व व्यास पूजन किया गया.कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान को प्राप्त करने का एक निश्चित साधन है.भगवान को प्राप्त करने के लिए प्रेम लक्षणा भक्ति की आवश्यकता होती है.

तुलसीदास की अनन्य भक्ति एक उदाहरण है-यह प्रसंग तुलसीदास की अनन्य भक्ति और भगवान की अपने भक्त के प्रति वत्सलता का अनुपम उदाहरण माना जाता है. इस प्रसंग का वर्णन भक्तमाल और तुलसीदास के जीवन चरित्र में प्रमुखता से मिलता है. श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दिन में 4 बजे से शाम 7 बजे तक होगी, कथा श्रवणार्थ समस्त भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है.